# प्रकृति प्रेरित पैकेजिंग डिज़ाइन



**भाग 1: अवलोकन**

प्रकृति से हमें कई तरह की पैकेजिंग की गई चीजें मिलती हैं, जैसे विभिन्न तरीक़े की फल और सब्जियाँ। उन सभी के आकार, रंग, स्पर्श (कठोर / नरम / कंटीले / खुरदरे / चिकने) और आंतरिक संरचना भिन्न होते हैं। और कई बार इस बाहरी पैकेजिंग से आंतरिक भाग (कच्चा या पका हुआ) की स्थिति समझ आती हैं। कुछ फल/सब्जियां लें और उनकी प्राकृतिक पैकेजिंग का अध्ययन करें और इस पैकेजिंग के फायदे और नुकसान पर चर्चा करें।

**भाग 2: डिज़ाइन**

प्रकृति प्रेरित पैकेजिंग डिज़ाइन: कोई भी फल या सब्जी चुनें जो आपको उसकी प्राकृतिक पैकेजिंग के तरीकों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करता हैं और फिर अपनी पसंद के किसी भी खाद्य या कोई और उत्पाद के लिए एक नई पैकेजिंग डिज़ाइन करें (उदाहरण के लिए, चॉकलेट, जूस, बिस्कुट, टिशू पेपर, आदि)। आपके डिज़ाइन पहले अध्ययन किए गए प्राकृतिक उत्पाद पैकेजिंग तकनीक को लागू होनी चाहिए।

ऊपर तस्वीर में दिखाए गए वस्तुएं केवल नमूने के लिए हैं।

छवि स्रोत: https://pixabay.com/ और https://www.publicdomainpictures.net/en/ (पब्लिक डोमेन)

# प्रकृति प्रेरित पैकेजिंग डिज़ाइन

## पृष्ठभूमि

पैकेजिंग का उद्देश्य क्या हैं? क्या आपने कभी सोचा हैं, कि प्रकृति अपने निर्माण की पैकेजिंग कैसे करती हैं? जैसे अनार या मटर के दाने, एक प्याज की परतें या फिर आसानी से केले का छिलका निकलना, या अंडे का आवरण एक तरल को अंदर कैसे सुरक्षित रखता हैं? प्रकृति ने विभिन्न प्रकार की चीजों के लिए कई प्रकार के विशेष आवरण बनाए हैं, जैसे कि कठिन, मुलायम, नाजुक, स्तरित, टुकड़े आदि, जो अंदर के पदार्थ को सुरक्षित और ताजा रखती हैं।

बायोमिमेटिक्स का मतलब जीवित वस्तुओं की "नकल करना" होता है। यह मानव की रोजमर्रा की सरल या जटिल समस्याओं को हल करने के उद्देश्य से प्राकृतिक मॉडल, प्रक्रियाओं या प्रणालियों का अनुकरण हैं। बायोमिमेटिक्स अनुसंधान का एक बढ़ता हुआ क्षेत्र है जो विज्ञान और डिज़ाइन (Soba et al., 2016) को जोड़ता हैं। प्रकृति ने पैकेजिंग डिज़ाइन की दुनिया को भी बहुत प्रभावित किया हैं। बहुत बार लोगों ने चीजों को सुंदर बनाने के लिए, या उनके आसान और सुरक्षित परिवहन के लिए प्रकृति से प्रेरणा ली हैं। प्रकृति से प्रेरित पैकेजिंग डिज़ाइन करते समय, डिज़ाइनर के पास प्रकृति का अनुकरण करने और प्राकृतिक गुणों का उपयोग करके प्रभावी और आकर्षक डिज़ाइन बनाने का मौका होता हैं।

## संदर्भ:


Soba, A. I., Zaki, B., Aliyu, A. M., & Tanimu, M. (2016). A study of biomimetic architectural traits in a premedical school complex in Nigeria: A casestudy of faculty of medicine, Kaduna state university (kasu) complex, Kaduna. *Journal of Environment and Earth Science 6*(5), 132141.

Benyus, J. M. (1997). *Biomimicry: Innovation inspired by nature*. NY: Harper Collins Publishers Inc

Tank, K., Moore, T., & Strnat, M. (2015). Engineering encounters: Nature as inspiration. *Science and Children, 53*(2), 72-78. Retrieved April 15, 2020, from www.jstor.org/stable/43691982


## Websites


https://biomimicry.org/four-engaging-ways-bring-biomimicry-classroom/

https://www.makinginspiredbynature.org/

Packaging and Labeling: Wikipedia ( Retrieved April 15, 2020)
https://en.wikipedia.org/wiki/Packaging_and_labeling